भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1930

जिसका उत्तर 11.12.2025 को दिया जाना है

सोनभद्र में सड़कों की जर्जर हालत

1930. श्री छोटेलाल:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या रॉबर्ट्सगंज संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के सोनभद्र जिले में रांची-रीवा, कोन, विन्ढमगंज, दुद्धी और तेलगुड़वा सड़कें जर्जर हालत में हैं; और

(ख) यदि हाँ, तो इन सड़कों की मरम्मत कब तक होने की संभावना है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख) उत्तर प्रदेश राज्य सहित राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) का विकास और रखरखाव एक सतत प्रक्रिया है। तदनुसार, राष्ट्रीय राजमार्गों को यातायात योग्य स्थिति में बनाए रखने के लिए राष्ट्रीय राजमार्गों पर कार्य परस्पर-प्राथमिकता, यातायात घनत्व और पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान परितंत्र (एनएमपी) के साथ तालमेल के आधार पर किया जाता है।

राष्ट्रीय राजमार्ग खंडों के रखरखाव और मरम्मत (एम एंड आर), जहां विकास कार्य शुरू हो चुके हैं या संचालन, रखरखाव और हस्तांतरण (ओएमटी) रियायतें/संचालन और रखरखाव (ओ एंड एम) अनुबंध सौंपे गए हैं, दोष देयता अवधि (डी एल पी)/रियायत अवधि के अंत तक संबंधित रियायतकर्ताओं/संविदाकारों की जिम्मेदारी है।

शेष राष्ट्रीय राजमार्ग खंडों के लिए, सरकार ने निष्पादन आधारित रखरखाव अनुबंध (पीबीएमसी) या अल्पकालिक रखरखाव अनुबंध (एसटीएमसी) के माध्यम से रखरखाव कार्य करने का नीतिगत निर्णय लिया है।

रांची को रीवा से जोड़ने वाला एनएच-39 विन्ढमगंज और दुद्धीनगर से होकर गुजरता है। उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-39 की लंबाई लगभग 91 किलोमीटर है और वर्तमान में दोष देयता अवधि (डीएलपी) के अंतर्गत है।

उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में चल रही राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का विवरण **अनुलग्नक** में संलग्न है।

समवर्ती डीएलपी/रखरखाव अवधि के दौरान इस खंड में नुकसान और दोषों के सुधार के लिए तथा रखरखाव और मरम्मत के लिए संविदाकार उत्तरदायी हैं।

उत्तर प्रदेश राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग-39 के रीवा-रांची खंड के 4 लेन में चौड़ीकरण का प्रस्ताव वार्षिक योजना 2025-26 के तहत शामिल किया गया है।

तेलगुड़वा और कोन राज्य की सड़कों के माध्यम से राष्ट्रीय राजमार्ग-39 से जुड़े हुए हैं, जिसके विकास और रखरखाव के लिए उत्तर प्रदेश राज्य सरकार उत्तरदायी है।

अनुलग्नक

"सोनभद्र में सड़कों की जर्जर हालत" के संबंध में श्री छोटेलाल द्वारा पूछे गए दिनांक 11.12.2025 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1930 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

<u>उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में चालू राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का विवरण</u>

क्र. सं.	एन एच का नाम	एनएच सं.	कुल लंबाई (किलो मीटर में)	कार्य का नाम	स्वीकृति लागत (करोड़ रुपये में)	सौंपी गई लागत (करोड़ रुपये में)	प्रारंभ तिथि	कार्य पूर्ण होने की तिथि/कार्य पूर्ण होने की लक्षित तिथि	टिप्पणी
1	रीवा-रांची रोड	एनएच 39	91	एनएच-75ई (नया एनएच सं. 39) की 64.465 किमी लंबाई के 220.000 से 221.000, 222.000 से 224.000, 225.000 से 247.000, 249.000 से 254.000 और 263.535 से 298.000 किमी तक के चरण में सुदृढ़ीकरण का कार्य।	57.50	34.50	15.07.2020	07.07.2022	06.07.2027 तक डीएलपी
2				एनएच-75ई (नया एनएच सं. 39) की 26.813 किमी लंबाई के 211.200 से 220.00, 221.00 से 222.00, 224.00 से 225.00, 247.00 से 249.00, 254.00 से 263.535 और 298.00 से 302.478 किमी तक के चरण में सुदृढ़ीकरण का कार्य।	29.63	17.11	07.10.2020	26.10.2021	25.10.2026 तक डीएलपी
3		एनएच 39	-	ईपीसी मोड के तहत एनएच-75ई पर एसी सं. 50/बी/ई पर 298.000 किमी पर आरओबी का निर्माण	28.69	16.78	09.10.2021	31.12.2026	वास्तविक प्रगति - 15%

*****